बुधवार
13 जुलाई 2022




पृष्ठ 4
**मानसून के दौरान बालों की देखभाल करने के लिए अपनाएं आयुर्वेदिक टिप्स**



पृष्ठ 5
**फिर एक प्रोजेक्ट में साथ नजर आएंगे रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण**




- देहरादून
- वर्ष 30
- अंक 158
- पृष्ठ 8
- मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com


**आज का विचार**

अनंत जीवन का एकमात्र पाथेय है धर्म।
– रवींद्रनाथ ठाकुर

# कार गंगा में समाई, चार लापता

विशेष संवाददाता

टिहरी। आज सुबह सात बजे के आसपास ऋषिकेश बदरीनाथ हाईवे पर एक कार अनियंत्रित होकर गंगा नदी में जा गिरी। जिसको लाख कोशिशों के बाद भी गोताखोर नहीं तलाश सके। कार में 4 लोग सवार थे जो केदारनाथ दर्शन के बाद आज वापस जा रहे थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना काडियाल गांव के पास हुई जब अनियंत्रित होकर एक आल्टो कार उफनती गंगा में जा गिरी प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा दुर्घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस को दुर्घटना स्थल से एक कार की नंबर प्लेट जिसका नंबर यूपी 15एडी-2158 था, तथा दो मोबाइल और एक कैरी बैग बरामद हुआ। दुर्घटना स्थल पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने कार को तलाशने की कोशिश की तथा गहरे पानी में समाई कार को तलाशने के लिए डीप डंपिंग टीम को भी पानी में उतारा गया लेकिन दोपहर तीन बजे तक कार और



**❑मेरठ के रहने वाले थे सभी यात्री**
**❑गोताखोर भी तलाशने में रहे नाकाम**

इसमें सवार लोगों का कोई अता पता नहीं चल सका।

पुलिस ने मौके से मिली नंबर प्लेट और आधार कार्ड आईडी के आधार पर कार स्वामी से बात की तो पता चला कि यह कार मेरठ निवासी नवनीत शर्मा की है जिसे उसके चाचा लेकर गए हुए हैं। दुर्घटना स्थल से मिली अन्य जानकारी से दोपहर बाद यह पता चल सका कि कार में चार लोग थे जो मेरठ से केदारनाथ यात्रा पर आये थे। कार के दुर्घटनाग्रस्त होने के समय जो लोग कार में सवार थे उनके नाम पंकज शर्मा पुत्र ओमप्रकाश गुलवीर जैन पुत्र दर्शन लाल जैन नितिन पुत्र राजेश सभी शास्त्री नगर मेरठ निवासी तथा हर्ष गुर्जर उर्फ संजय निवासी मेरठ बताए गए हैं। पुलिस द्वारा इन सभी लोगों के परिजनों को दुर्घटना की जानकारी दे दी गई है तथा उनके जल्द ऋषिकेश पहुंचने की बात कही गई है। दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है और न ही बचाव व राहत कार्य में लगी टीमों को अभी तक कार और लापता लोगों को तलाशने में कोई सफलता मिल सकी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि मानसून काल में यात्रियों को सावधानी बरतने की जरूरत है।

# आरटीओ दून दिनेश चंद्र का निलंबन निरस्त

विशेष संवाददाता

देहरादून। बीते माह मुख्यमंत्री के निर्देश पर निलंबित किए गए आरटीओ देहरादून दिनेश चंद्र का निलम्बन निरस्त कर दिया गया है अब वह फिर अपनी कुर्सी पर आसीन दिखेंगे।

उल्लेखनीय है कि अभी बीते माह एक दिन सुबह 10 बजे से पूर्व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दल बल के साथ आरटीओ कार्यालय पहुंचे थे। मुख्यमंत्री की इस औचक कार्रवाई से आरटीओ दफ्तर में हड़कंप मच गया था। उस समय तक अधिकांश कर्मचारी दफ्तर नहीं पहुंचे थे। वहीं दफ्तर के बाहर जो दलालों का मेला लगा रहता है वह भी वहां से भाग खड़ा हुआ था। मुख्यमंत्री आधा घंटे यहां रुके, हाजिरी रजिस्टर की जांच की, जो कर्मचारी नहीं पहुंचे थे उनका वेतन काटने के निर्देश दिए, वहीं आरटीओ दिनेशचंद्र जो बिना किसी सूचना या अवकाश के दफ्तर से गायब मिले थे उनके निलंबन के आदेश भी दिए गए थे।

मुख्यमंत्री की इस कार्रवाई की खूब तारीफ हुई कई लोगों को लगा था कि अब आरटीओ की कार्यप्रणाली दुरस्त हो

**❑सरकार ने माना सरकारी काम से गैरहाजिर थे दफ्तर से**

जाएगी। किसी बड़े अधिकारी के खिलाफ सीएम की यह पहली कार्यवाही थी लेकिन अभी उनके निलंबन को 2 माह का समय भी पूरा नहीं हुआ है उनके निलंबन की कार्रवाई को निरस्त कर दिया गया है। इसकी पुष्टि परिवहन सचिव मीनाक्षी सुंदरम द्वारा करते हुए कहा गया है कि दिनेश चंद्र सरकारी काम से ही गए हुए थे। जांच के बाद उनके निलंबन के आदेश निरस्त कर दिए गए हैं।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि सीएम की छापेमारी के अगले दिन से ही आरटीओ दफ्तर का कामकाज अपने पुराने ढर्रे से ही चल रहा है। इस आशय की खबरें आए दिन छपती रहती हैं। छापे के समय सीएम धामी ने भी कहा था कि उन्हें लंबे समय से आरटीओ के बारे में शिकायतें मिल रही थी। तब क्या अब वह सारी शिकायतें दूर हो चुकी है।

# देश छोड़कर भागे श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे!

नई दिल्ली । श्रीलंका में आर्थिक संकट के बाद राजनीतिक संकट उभर गया है। राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे देश छोड़कर मालदीव पहुंच गए हैं। गोटाबाया के देश छोड़ने से नाराज जनता संसद भवन और पीएम हाउस में घुस गई है। प्रदर्शनकारी कोलंबो की सड़कों पर जमकर हंगामा कर रहे हैं। पुलिस की तरफ से हालात काबू करने की कोशिश हो रही हैं, लेकिन हालात लगातार बेकाबू होते जा रहे हैं। श्रीलंकाई वायु सेना ने बयान में कहा गया है, सरकार के अनुरोध पर और संविधान के तहत राष्ट्रपति को मिली शक्तियों के अनुसार, रक्षा मंत्रालय की पूर्ण स्वीकृति के साथ राष्ट्रपति, उनकी पत्नी और दो सुरक्षा अधिकारियों को 13 जुलाई को कातुनायके अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से मालदीव रवाना होने के लिए श्रीलंकाई वायु सेना का विमान उपलब्ध कराया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी राष्ट्रपति के देश छोड़ने की पुष्टि की है। ऐसा बताया जा रहा है कि राजपक्षे नयी सरकार द्वारा गिरफ्तारी की आशंका से बचने के लिए इस्तीफा देने से पहले विदेश जाना चाहते थे। एक खबर में कहा गया है कि वह स्थानीय समयानुसार देर रात करीब तीन बजे मालदीव की राजधानी माले पहुंचे।



# देश में 1 लाख 32 हजार के पार हुई एक्टिव कोरोना मरीजों की संख्या, एक दिन में आए 16,906 नए केस

नई दिल्ली । भारत में पिछले एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 16,906 नए मामले सामने आए जिसके बाद कुल मामले बढ़कर 4,36,69,850 हो गए। देश में कोरोना मामलों में जारी बढ़ोतरी के चलते एक्टिव केस की संख्या भी बढ़कर 1,32,457 हो गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, कोविड-19 महामारी से 45 और लोगों की मौत हो गई जिसके बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 5,25,519 पर पहुंच गई। मंत्रालय ने कहा कि देश में कोविड के एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 1,32,457 हो गई है।

एक्टिव केस की संख्या संक्रमण के



कुल मामलों का 0.30 प्रतिशत है जबकि कोविड से पीड़ित होने के बाद ठीक होने वाले मरीजों की दर राष्ट्रीय स्तर पर 98.49 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में एक्टिव केस की संख्या में 1,414 की वृद्धि दर्ज की गई है।

महामारी से पीड़ित होकर ठीक होने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर 4,30,11,874 हो गई है जबकि इससे मरने वालों की दर 1.20 प्रतिशत दर्ज की गई है। मंत्रालय के अनुसार, देश में अब तक कोविड रोधी टीके की 199.12 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी है। पिछले एक दिन में कोविड से होने वाली 45 मौत में से 17 केरल, 13 महाराष्ट्र, पांच पश्चिम बंगाल, दो-दो गुजरात तथा बिहार में हुई जबकि छत्तीसगढ़, दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, ओडिशा, पंजाब और उत्तर प्रदेश से एक-एक मरीज की मौत हुई।देश में महामारी से अब तक 5,25,519 मरीजों की मौत हो चुकी है। इनमें से महाराष्ट्र से 1,47,991, केरल से 70,170, कर्नाटक से 40,125, तमिलनाडु से 38,028, दिल्ली से 26,285, उत्तर प्रदेश से 23,548 और पश्चिम बंगाल से 21,251 मरीजों की मौत हो चुकी है।

# दून वैली मेल

## संपादकीय

# नई शिक्षा नीति के निःतार्थ

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी) लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया है। बीते कल मुख्यमंत्री धामी ने राज्य के 4 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों में प्री प्राइमरी कक्षाओं जिसे बाल वाटिका नाम दिया गया है, की शुरुआत कर दी गई है। समय और काल के अनुसार भले ही हमारी शिक्षा पद्धति में बदलाव आया हो तथा उसके उद्देश्य बदले हो लेकिन शिक्षा की महत्ता में कभी कमी नहीं आई है। भारत वर्ष में आज भी हमारी प्राचीन सनातनी गुरुकुल शिक्षा प्रणाली अपना वजूद बनाए हुए हैं। जिसमें हम शिक्षा के महत्व को 'एषा न विद्या न तपो न दानं ज्ञांन न शींल न गुणो न धर्मः ते मृत्यु लोके भूविभार भूता मनुष्य रूपेण मृगाश्चरंति, उक्त श्लोक के माध्यम से वर्णित किया गया है। शिक्षा के बिना ज्ञान, विज्ञान, चरित्र, दान और धर्म तथा धन कुछ भी संभव नहीं है जिनके पास शिक्षा नहीं है वह प्राणी (मनुष्य) बिना पूछ वाले पशु की तरह इस धरती पर बोझ समान है। यह अत्यंत ही दुखद और त्रासदी है कि देश में आजादी के बाद शिक्षा क्षेत्र में आशातीत विकास नहीं हो सका। देश की एक तिहाई आबादी अभी भी शिक्षा के घोर अंधकार में जी रही है। दरअसल शिक्षा को देश के लोगों द्वारा नौकरी का जरिया से अधिक कभी कुछ नहीं समझा गया। आज भी 85 फीसदी युवा सिर्फ रोजगार के लिए ही पढ़ रहे हैं ज्ञानार्जन शिक्षा का उद्देश्य नहीं है। और बीते कुछ दशकों में शिक्षित युवा बेरोजगारों की फौज खड़ी होने के कारण अब युवाओं का शिक्षा से भी मोहभंग होता जा रहा है उनकी सोच में यह बात आ चुकी है कि पढ़ लिख कर क्या होगा पढ़ाई में समय व पैसा बर्बाद करने से बेहतर है कि सड़क किनारे चाय पकौड़ी की दुकान खोल लो। नई शिक्षा नीति के क्या परिणाम होंगे? यह तो समय ही बताएगा क्योंकि देश में शिक्षा को लेकर आए दिन नए-नए प्रयोग होते रहते हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन भी तो एक ऐसा ही प्रयोग था जिसका क्या लाभ हुआ इसकी कभी किसी ने भी समीक्षा करने की जरूरत नहीं समझी। अब इन्हीं आंगनबाड़ी केंद्रों से नई शिक्षा नीति की भी शुरुआत हो रही है। यहां शुरू होने वाली प्री प्राइमरी क्लासेज दरअसल पब्लिक स्कूलों की नर्सरी क्लासों की नकल ही है। इस नकल के माध्यम से उत्तराखंड के वह सैकड़ों प्राइमरी स्कूल जो बंद हो चुके हैं क्या फिर गुलजार हो सकेंगे? या फिर इन सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को नौ निमा इक्यासी का ज्ञान हो जाएगा। सरकार खुश है क्योंकि उसने उत्तराखंड को एनईपी लागू करने वाला पहला राज्य बना दिया है। आंगनबाड़ी की कार्यकत्रियां भी खुश हैं क्योंकि उन्हें भी सरकारी स्कूल शिक्षिकाओं की तरह वेतन व अन्य सुविधाएं मिल सकेंगी। बच्चों का भविष्य कितना बन पाता है इसकी कोई गारंटी अभी नहीं दी जा सकती।



# साक्षात श्रीगणेशः कोमल, कठोर और कलाकृति

आइये आज गुरु पूर्णिमा के इस शुभ अवसर पर आपको लिए चलते हैं माँ गँगा जी के धाम गंगोत्री में।

जहाँ प्रकृति ने प्राकृतिक कठोर चट्टानों के कैनवास पर उकेरी है श्री गणेश जी की हूबहू पेंटिंग्स। बारिश बर्फ के प्राकृतिक रंगो से रंगी गई श्रीगणेश जी की इस साक्षात तस्वीर को देखने के लिए आपको गंगोत्री से गौरीकुण्ड तक आना होगा।

साधारणतः कैनवास एक ऐसी सतह होती है जिस पर आप पेंट करते हैं जो अक्सर कसकर फैले हुए बिना ब्लीच वाले कपड़े या बारीकी से बुने हुए कपड़े से बनाई जाती है। कैनवास वह सतह है जिस पर आप ऑइल पेंटिंग या किसी भी तरह के रंगो से पैंटिंग करते हैं।

लेकिन गंगोत्री में प्रकृति ने अपने ही प्राकृतिक चट्टानों का कैनवास बनाकर अपने ही प्राकृतिक रंगों से भगवान श्रीगणेश जी की एक अदभुत, अकल्पनीय, दिव्य व भव्य पैंटिंग तैयार की है जो अनमोल के साथ साथ दुर्लभ भी है। आइये गुरु पूर्णिमा के इस अवसर पर दर्शन करते हैं गणेश भगवान जी की इस प्राकृतिक पेंटिंग्स का। गणेश जी से बड़ा कोई गुरु नहीं हो सकता।

●लोकेन्द्र सिंह बिष्ट

# आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत रिस्पांस टाइम कम से कम होः जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता

बागेश्वर। वर्षाकाल में आपदा की दृष्टि से सभी अधिकारी अलर्ट मोड में रहें, आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत रिस्पांस टाइम कम से कम हो, बारिश या भू-स्खलन से सड़क, बिजली, पानी व संचार सेवाओं की आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में जल्द से जल्द आपूर्ति सूचारू करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी रीना जोशी कलेक्ट्रेट सभागार में आपदा के दृष्टिगत बैठक लेते हुए अधिकारियों को दियें।



जिलाधिकारी ने कहा कि जिला व तहसील स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम 24ग7 संचालित रहें। प्राप्त होने वाली शिकायतों व सूचनाओं को पंजीकृत करना सुनिश्चित करने के साथ ही त्वरित गति से समाधान भी करें, तथा आपदा संबंधित सूचनायें तत्काल जिला कार्यालय को भी उपलब्ध करायें। उन्होंने गठित आईआरएस टीमों को सक्रिय करते हुए तहसील स्तर पर उपलब्ध आपदा उपकरणों एवं अन्य संसाधनों का परीक्षण करने को कहा, ताकि आपदा के समय संसाधनों का उपयोग हो सकें। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को 15 दिन के अंतराल में तहसील स्तर पर अधिकारियों के साथ बैठक करने के भी निर्देश दियें। यह सुनिश्चित किया जाए कि आपदा की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों में जेसीबी की पर्याप्त व्यवस्था हों। सभी सैटेलाईट फोन चालू अवस्था में रहें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दियें कि संवेदनशील क्षेत्रों के लिए खाद्य सामग्री, आवश्यक दवाओं एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की पूर्ण व्यवस्था रखी जाए। उन्होंने आपदा से हुई परिसंपत्तियों की क्षति की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम को देने के निर्देश अधिकारियो को दियें। उन्होंने कहा कि वर्षाकाल चल रहा है, अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आपदा कार्य को गम्भीरता से लें, आपदा न्यूनीकरण कार्य व आपदा दौरान कार्यों को शीघ्रता से करना सुनिश्चित करें। कहा कि सभी अधिकारी एक्टिव मोड पर रहे। वर्षाकाल दौरान बन्द सड़कों को तत्काल खोलते हुए यातायात सूचारू करें, ताकि यात्रियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़ें। उन्होंने आपदा सम्भावित क्षेत्रों में पैनी नजर रखने के निर्देश अधिकारियों को दिये साथ ही वर्षाकाल दौरान सम्भावित अवरूद्ध होने वाली सड़कों पर जेसीबी तैनात करने के निर्देश दिये ताकि कम से कम समय में यातायात सूचारू हो सके। जिलाधिकारी ने आपदा के दृष्टिगत प्रशिक्षण प्राप्त पीआरडी, होमगार्ड व एनसीसी प्रशिक्षितों की सूची पुलिस व उपजिलाधिकारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश आपदा प्रबंधन अधिकारी को दियें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी ने आपदा से निपटने के लिए कियें जा रहे कार्यो/गतिविधियों के बारे में जिलाधिकारी को विस्तार से जानकारी दी।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी चन्द्र सिंह इमलाल, मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी, उप जिलाधिकारी हरगिरि, पारितोष वर्मा, मोनिका, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, मुख्य कृषि अधिकारी एसएस वर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 आर0 चन्द्रा, जिला उद्यान अधिकारी आरके सिंह, अधि0अभि0 लोनिवि राजकुमार, जल संस्थान डीएस देवडी, पीएमजीएसवाई अनिल कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी अनुलेखा बिष्ट, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार, तहसीलदार पूजा शर्मा, तितिक्षा जोशी, दीपिका आर्या, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल सहित अनेक अधिकारी मौजूद थे।

मघोनः स्म वृत्रहत्येषु चोदय ये ददति प्रिया वसु।
तव प्रणीती हर्यश्व सूरिभिर्विश्वा तरे दुरिता।।

(ऋग्वेद ७-३२-१५)

हे सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जाओं के स्वामी परमेश्वर ! आप उन सभी को पाप वृत्तियों के अंधकार पर विजय पाने की प्रेरणा दें, जो अपना सबसे मूल्यवान धन दूसरों के कल्याण के लिए त्यागते हैं। हे परमात्मा ! हम आप से प्रार्थना करते हैं कि हमें भी अपने ज्ञान का मार्गदर्शन प्रदान करो। जिससे कि हम भी सांसारिक पापों को पार कर जाएं।

O God of vital energies inspire ! all those people to win over the darkness of evil, who sacrifices their most valuable wealth for the welfare of others. O God ! we pray that You provide us with your guidance of knowledge by which we pass over all the evils of the world.

(Rig Veda 7-32-15)

# एक युद्ध नशे के विरुद्ध जन जागरुकता रैली निकाली

संवाददाता

देहरादून। एक युद्ध नशे के विरूद्ध जन जागरूकता अभियान के तहत छात्रों ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया।

आज यहां सरदार महिपाल राजेंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय साहिया ने जनजाति क्षेत्र जौनसार बावर को नशे से मुक्ति दिलाने हेतु एक युद्ध नशे के विरुद्ध शीर्षक के तहत नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान चलाया। नशा मुक्ति अभियान का प्रारंभ महाविद्यालय परिसर से राष्ट्रगान के साथ शुरू हुआ जिसमे सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय परिसर से रैली कृषि मंडी, चकराता रोड होते हुए बालिका इंटर कॉलेज तक गई। वापसी समाल्टा रोड होते हुए महाविद्यालय परिसर में पहुंची। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक राठौर थानाध्यक्ष कालसी ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा जीवन को बर्बाद करता है इसे समाप्त किया जाना चाहिए। राठौर ने कहा कि युवाओं को शिक्षा व खेल के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता भारत सिंह चौहान पूर्व सूचना अधिकारी विधानभवन देहरादून ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह देश युवाओं का देश है जिस देश में युवाओं की संख्या सर्वाधिक हो और वही युवा नशे की गिरफ्त में आ जाए तो निश्चित रूप से यह भविष्य के लिए एक अच्छा संकेत नहीं है। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रेनू गुप्ता ने कहा कि परिवार जीवन की पाठशाला है और मां पहली शिक्षक है। प्राचार्या ने अपने सम्बोधन में मातृशक्ति से इस अभियान में शामिल होने की गुहार लगाई साथ ही बच्चों में नैतिक गुणों के विकास पर जोर देने को कहा। महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने अपने संबोधन में कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है जिसने जौनसार बावर के कई घरों को तबाह किया है। तोमर ने कहा कि जौनसार बावर को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए अभिभावकों से निवेदन किया है कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों का संज्ञान लेते रहे। तोमर ने कहा कि एस.एम.आर. (पी.जी.) कॉलेज साहिया का परिसर 100 प्रतिशत नशा मुक्त है इसी तरह जौनसार को भी 100 प्रतिशत नशामुक्त करना है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक दीपक बहुगुणा, जसपाल चौहान, भरत सिंह, कुमारी दिक्षिता, मनोज चौहान, प्रियंका चौहान ,श्रीमती इंदिरा , शिक्षणेत्तर कर्मचारी गंभीर सिंह चौहान, रितेश चौहान, प्रियंका तोमर , किरण चौहान, रित्तिका चौहान, सुनीता, मोनू और साहिया चौकी प्रभारी नीरज कठैत अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रहे।



# नशीले इंजेक्शनों के जखीरे सहित शातिर गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस को कल देर शाम खासी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक नशा तस्कर को दबोच कर उसके पास से 165 नशीले इंजेक्शन, दो मोबाइल व तस्करी में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है। आरोपी शातिर किस्म का नशा तस्कर है जो 2020 में भी नशीले इंजेक्शनों की तस्करी में जेल की हवा खा चुका है।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम एसओजी व एडीटीएफ की एक संयुक्त टीम द्वारा एक सूचना के बाद गदरपुर क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान संयुक्त टीम को बराखेड़ा मदरसे के पास निर्माणाधीन हाईवे गदरपुर में बाइक सवार एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया। टीम द्वारा जब उसे रोका गया तो वह बाइक मोड़कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान टीम ने उसके पास से 165 नशीले इंजेक्शन, दो मोबाइल व कुछ नगदी बरामद की। पूछताछ में उसने अपना नाम मुख्तर अली पुत्र अख्तर अली निवासी मोतीपुर गदरपुर बताया। जनपद उधमसिंह नगर बताया। बताया कि बरामद नशीले इंजेक्शन वह नावेद निवासी नरपतनगर स्वार रामपुर से खरीदकर लाया था। जिसे गदरपुर में नशेड़ियों को बेचा जाना था। पुलिस के अनुसार आरोपी मुख्तर अली वर्ष 2020 में भी इंजेक्शनों की तस्करी में गदरपुर थाने से जेल भेजा जा चुका है। बहरहाल पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर उसे जेल भेज दिया गया है।

# दो किलो गांजे के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने गांजे के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नेहरू कालोनी थाना पुलिस ने अजबपुर फ्लाई ओवर के नीचे एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया।

पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने उसका पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से दो किलो 200 ग्राम गांजा बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम संजय भारती पुत्र रामचंद भारती निवासी पश्चिमी चम्पारन बिहार बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां उसे उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# अंग्रेजी शराब सहित तस्कर दबोचा

हमारे संवाददाता

पौड़ी। शराब तस्करी में लिप्त एक व्यक्ति को पुलिस ने कल देर शाम 18 बोतल अंग्रेजी शराब व तस्करी में प्रयुक्त कार सहित गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम थाना धूमाकोट पुलिस द्वारा क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान पुलिस को कस्बा जड़ाऊखांद धुमाकोट के समीप एक संदिग्ध कार आती हुई दिखायी दी। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो कार चालक सकपका कर भागने का प्रयास करने लगा।




इस पर उसे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने कार में रखी 18 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की। पूछताछ में कार चालक द्वारा अपना नाम सुरेश रावत पुत्र देव सिंह रावत निवासी नई दिल्ली व स्थायी पता ग्राम बौड़ी बागेश्वर बताया। पुलिस ने उसे आबकारी अधिनियम की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

# गुरु पूर्णिमा पर व्यास गौरव सम्मान 2022 आयोजित

कार्यालय संवाददाता



देहरादून। दून योग पीठ देहरादून द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर दून योग पीठ के हाथीबड़कला केंद्र में व्यास गौरव सम्मान 2022 टपकेश्वर महादेव मंदिर के महंत कृष्ण गिरी जी महाराज की गरिमामई उपस्थिति में मेयर सुनील उनियाल गामा के कर कमलों से चतुर्वेद विद्यालय देहरादून के प्राचार्य और प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य भरतराम तिवारी, प्रसिद्ध अनुष्ठानकर्ता और कथा व्यास आचार्य खीमानंद भट्ट को प्रदान किया गया।

टपकेश्वर महादेव मंदिर के श्री महंत 108 कृष्ण गिरी जी महाराज ने कहा गुरु व्यक्ति नही एक आध्यात्मिक सत्ता है, हमे अपने गुरुओं का सम्मान करना चाहिए और उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए, मेयर सुनील उनियाल गामा ने दून योग पीठ देहरादून के प्रयासों की सराहना करते हुवे नई पीढी के बच्चों द्वारा योग का अनुसरण करना भारत के विश्व गुरु की ओर बढ़ता महत्त्वपूर्ण कदम बताया उन्होने नियमित रूप से योग करने का आह्वान किया।

दून योग पीठ देहरादून के संस्थापक आध्यात्मिक गुरु आचार्य बिपिन जोशी ने बताया गुरु हमे अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं, गुरु जीवन का रूपांतरण कर देते हैं, गुरु जीवन में एक नया बसंत ले आते हैं, उन्होने कहा दून योग पीठ का प्रयास जन जन को स्वास्थ्य और देवभूमि उत्तराखंड को वैलनेस का एक बड़ा हब बनाना और उत्तराखंड के गांवो का योग और आयुर्वेद ग्राम के रूप में विकास करना है जिसके लिए छोटे छोटे प्रयास जारी हैं उन्होने सभी को गुरु पूर्णिमा की बधाई और शुभकामना प्रदान की।कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोचारण के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया, योग साधकों ने सुंदर योग आसानों का प्रदर्शन किया,21 जून अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित विशेष योग शिविर में अच्छी प्रस्तुति देने वाले बच्चों को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में योगाचार्य किरण रावत, योग साधिका राधा गैडा, ऋषिपाल, अनिल डबराल आदि का विशेष सहयोग रहा।

# दो दुपहिया वाहन चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने दो स्थानों से दो दुपहिया वाहन चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहित नगर निवासी विपिन कुमार शर्मा ने बसंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी एक्टिवा घर के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी एक्टिवा अपने स्थान से गायब थी।

वहीं रूडकी निवासी विपुल नेगी ने मसूरी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह यहां एक होटल में काम करता है।

वह किसी काम से भटटा गांव गया था उसने अपनी बुलेट मोटरसाईकिल एक जगह पर खडी कर दी थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वहां पर आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने दोनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# वैदिक मंत्रोचारण के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव



संवाददाता

देहरादून। वैष्णो देवी गुफा योग मन्दिर में विधि विधान और वैदिक मंत्रोचारण के साथ गुरू पूर्णिमा मनायी गयी।

आज यहां गुरु पूर्णिमा महोत्सव माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर महादेव देहरादून माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर महादेव देहरादून में विशेष गुरु पूर्णिमा महोत्सव आध्यात्मिक गुरु आचार्य बिपिन जोशी के पावन सानिध्य में विधि विधान और वैदिक मंत्रोचारण के साथ मनाया गया। आचार्य बिपिन जोशी ने कहा गुरु जीवन की दशा और दिशा दोनो ही बदल देता है गुरु हमे अंध कार से प्रकाश की ओर ले जाता है, पंडित कमल जोशी और मंडली ने संगीतमई सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ और सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी, दिन भर प्रसाद वितरण होगा, हवन के साथ विशेष आरती की गई अब पूरे सावन मास में लोगो को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया जाएगा आज के कार्यक्रम में रामसेवक शर्मा, गीता जोशी, एडवोकेट तनुज जोशी, हर्षपती रयाल, गणेश बिजलवान, हारमोनियम हरीश सेमवाल ढोलक में जगमोहन शर्मा,दीपेंद्र नौटियाल, संतोष कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

# आरएसएस ने किया गुरु पूजन का आयोजन

संवाददाता



देहरादून। गुरू पूर्णिमा पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने गुरू पूजन का आयोजन किया।

आज यहां गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ केशव नगर के केशव शाखा द्वारा श्री गुरु नानक (बालक) इंटर कॉलेज चुक्खुवाला देहरादून में गुरु पूजन का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभिन्न स्वयं सेवकों ने प्रतिभाग किया, सर्वप्रथम ध्वज प्रणाम के पश्चात राहुल डोभाल ने एकल गीत, स्वामी एस. चंद्रा ने सुभाषित, विजय धुसिया ने गणगीत प्रस्तुत किया, नगर कारवाह मयंक खंडूरी, शाखा कारवाह विनोद , शारीरिक प्रमुख संजय थापा, प्रमुख प्रार्थना गोविंद गुसाई, पार्षद शंकर सोनकर बिट्टू , दिनेश शर्मा, विनोद चौटाला, नरेश कुमार, अनुज जोशी, संजय, राम गोपाल, मयंक सिंधवाल, कमल आदि स्वयं सेवकों ने भारत माता एवं ध्वज पर पुष्प अर्पित करते हुए समाज में सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की, इस अवसर पर नगर सह कार्यवाह मयंक खंडूरी ने बौद्धिक पर गुरु की महिमा का वर्णन विस्तार पूर्वक किया।

# श्रद्धा पूर्वक मनायी गयी गुरु पूर्णिमा



संवाददाता

देहरादून। श्री टपकेश्वर मन्दिर प्रांगण में श्रद्धापूर्वक गुरू पूर्णिमा मनायी गयी। श्री टपकेश्वर मंदिर में गुरु पूर्णिमा के दिन शुभ अवसर पर ब्रह्मलीन महंत माया गिरी जी के समाधि स्थल पर विशेष पूजा अर्चना एवं ध्वजारोहण महंत कृष्णागिरी एवं दिगंबर भरत के सानिध्य में श्री टपकेश्वर मंदिर के प्रांगण में अति श्रद्धा पूर्वक संपन्न हुआ जिसमें लाल चंद शर्मा, डीके शर्मा तथा अन्य लोग सम्मिलित रहे।

# गिरवी मोटरसाईकिल वापस ना करने पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। गिरवी रखी मोटरसाईकिल पैसे देने के बाद भी वापस ना करने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 बीघा निवासी पिंकी पासवान ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने भटटोवाला श्यामपुर निवासी दीपक चौहान के पास अपनी मोटरसाईकिल पांच हजार रूपये में गिरवी रखी थी। उसने उसको पांच हजार रूपये वापस कर दिये लेकिन उसके बाद भी वह उसकी मोटरसाईकिल वापस नहीं कर रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# कार से बैटरी चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने घर की बाहर खडी कार से बैटरी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुस्लिम बस्ती भानियावाला निवासी हामिद ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी कार घर के बाहर खडी की थी। सुबह जब वह उसको स्टार्ट करने के लिए गया तो उसने देखा कि कार से बैटरी गायब थी। किसी ने रात में बैटरी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# शराब के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रायवाला थाना पुलिस ने हरिपुर कला के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 51 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम अजय बहादुर उर्फ शंकर पुत्र हस्त बहादुर निवासी मोतीचूर लाइन पार बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन


# मानसून के दौरान बालों की देखभाल करने के लिए अपनाएं आयुर्वेदिक टिप्स



जैसे-जैसे मौसम में बदलता है, वैसे-वैसे हेयर रूटीन में भी बदलाव करने की जरूरत होती है क्योंकि हर मौसम कुछ समस्याओं के साथ आता है। अभी मानसून आने वाला है और इस मौसम में अगर आप अपने बालों को तरह-तरह की समस्याओं से बचाए रखकर उन्हें स्वस्थ रखना चाहते हैं तो इनकी अतिरिक्त देखभाल करें।

तेल मालिश है जरूरी

मानसून के दौरान सिर में खुजली, रूसी, बालों का झड़ना और रूखापन आना आदि समस्याएं होना आम बात हैं क्योंकि यह मौसम काफी उमस भरा होता है, जिसके कारण काफी पसीना आता है। अगर आप अपने सिर इन समस्याओं से बचाए रखना चाहते हैं तो नियमित रूप से हल्के हाथों से पूरे सिर की तेल मालिश करें। तिल या फिर बादाम का तेल बालों के स्वास्थ्य में सुधार करने समेत रूसी और खुजली जैसी समस्याओं से राहत दिला सकता है।

मानसून में होममेड हेयर पैक लगाएं

होममेड हेयर पैक बनाने के लिए दो बड़ी चम्मच मेथी के दानों को रातभर के लिए पानी में भिगो दें, फिर अगली सुबह उन्हें मिक्सी में पीसकर एक कटोरी में निकालें। अब कटोरी में एक बड़ी चम्मच एलोवेरा जेल और आधी बड़ी चम्मच तिल का तेल डालकर मिलाएं। सिर धोने से एक घंटे पहले इस मिश्रण को पूरे स्कैल्प और बालों की लंबाई में लगाएं। यह होममेड पैक सिर को मानसून की कई समस्याओं से बचाए रखने में मदद करेगा।

बालों को स्वस्थ रखने के लिए डाइट टिप्स

अपने आहार में ऐसे खाद्य पदार्थ शामिल करें, जो बालों को पोषित करने में मदद कर सकें। जैसे बादाम बायोटिन से भरपूर होते हैं और स्वस्थ बालों के विकास के लिए उपयोगी होते हैं। इसके अतिरिक्त, कैल्शियम और मैग्नीशियम से भरपूर तिल के बीज बालों को पोषण देते हैं। आप अपने दैनिक आहार में भुने हुए तिल को सलाद और चटनी में मिलाकर खा सकते हैं। हरी सब्जियां भी बालों के स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद हैं।

बारीश में भीग जाएं तो बालों को जरूर धोएं

जब कभी बारिश में आपके बाल भीग जाएं तो उन्हें जरूर धोएं क्योंकि बालों में फंसा बारी का अम्लीय पानी आपके स्कैल्प के पीएच को असंतुलित कर सकता है, जिससे बालों की समस्या और भी बढ़ सकती है। इसलिए बारिश में भीगने के बाद अपने बालों को एक गुणवत्तापूर्ण शैंपू और कंडीशनर से साफ करें। इसके बाद अपने सिर को प्राकृतिक तरीके से सुखाएं। (आरएनएस)

# वेब सीरीज की बोल्ड एक्ट्रेस स्नेहा पॉल अब सिग्नेचर में आएगी नज़र

अनुपम खेर ने अपनी नई फिल्म सिग्नेचर का फर्स्ट लुक सोशल मीडिया के जरिए जारी किया। पोस्टर में अनुपम एक बुजुर्ग की भूमिका में सड़क किनारे खड़े नजर आ रहे हैं. उनके हाथ में छाता है। खास बात यह है कि इस फिल्म में एक ऐसी अभिनेत्री नजर आएगी, जिसे लाखों लोगों ने एड * अल्ट वेब सीरीज में देखा है और उसके प्रशंसक हैं।

यह अभिनेत्री स्नेहा पॉल है, जो उल्लू ऐप पर आने वाली 18+ वेब सीरीज में दिखाई दे रही है। स्नेहा की पिछली वेब सीरीज चारमसुख- चॉल हाउस काफी पॉपुलर रही थी। स्नेहा ने इस सीरीज में एक हाउसवाइफ का रोल प्ले किया था। स्नेहा ने सीरीज में हॉट सीन दिए थे। किसिंग सीन भी खूब दिखाए गए।

यह ओटीटी पर बहुत ही बो*एलडी कंटेंट में शामिल है और इस सीरीज को अकेले देखा जा सकता है। सीरीज को इसी साल 25 फरवरी को स्ट्रीम किया गया था। स्नेहा ने सिग्नेचर फिल्म का फर्स्ट लुक भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है और फिल्म में अपनी मौजूदगी की जानकारी दी है।

स्नेहा पॉल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. वेब सीरीज में सेक्स*अलिटी की सारी हदें पार कर चुकीं स्नेहा असल जिंदगी में भी काफी बोल्ड हैं और इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर अपनी तस्वीरें शेयर करती हैं।

कुछ तस्वीरें ऐसी हैं जिनमें स्नेहा ने अपना जलवा दिखाया है, लेकिन ज्यादातर तस्वीरें उनकी ऑनस्क्रीन छवि से बिल्कुल अलग हैं। कुछ फोटोज में स्नेहा सूट में नजर आ रही हैं तो कुछ में उन्होंने वेस्टर्न ड्रेस पहनी हुई है. कुछ तस्वीरें परिवार के साथ भी हैं।( आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -90

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | | | ■ | 7 | 8 |
| 9 | | | ■ | | ■ | 10 | | |
| | ■ | 11 | | ■ | 12 | | ■ | |
| ■ | 13 | ■ | ■ | 14 | | | ■ | ■ |
| 15 | | 16 | | ■ | | ■ | ■ | 17 |
| | ■ | | ■ | 18 | | 19 | ■ | |
| | ■ | 20 | | | ■ | 21 | | |
| ■ | 22 | | ■ | 23 | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 89 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | ■ 3 | आ | वा | जा | ही | ■ 6 | ■ 4 |
| मा | ■ | खू | ब | ■ 8 | दू | र | स्थ | ■ |
| ना | दा | न | ■ | सा | ग | ■ 10 | ल | क्ष्य |
| ■ 12 | न | ख | ■ | त | र | ल | ■ | ■ |
| ■ 12 | वी | रा | न | ■ | ■ 15 | च | ट | क |
| ■ 17 | र | ब | ■ 18 | आ | ज | क | ल | ■ |
| ■ | ■ 17 | ■ 21 | आ | ग | ■ 19 | दा | ना | ■ |
| ■ 23 | अ | ग | र | म | ग | र | ■ 23 | क्रो |
| भा | भी | ■ | ती | न | ■ 26 | ■ | व | ध |

# बड़ी अभिनेत्री बनने के लिए अलग-अलग भूमिकाएं निभाना जरूरी : मृणाल ठाकुर

टीवी से बॉलीवुड का सफर तय करने वाली मृणाल ठाकुर का मानना है कि बड़ी अभिनेत्री बनने के लिए अलग-अलग भूमिकाएं करना जरूरी है। मृणाल ने लव सोनिया से डेब्यू किया था। बाद में उन्हें शाहिद कपूर के साथ जर्सी जैसी फिल्मों में देखा गया। वह अब उमेश शुक्ला द्वारा निर्देशित आंख मिचौली नामक एक फैमिली कॉमेडी फिल्म की तैयारी कर रही है। इसके बाद उनकी झोली में पिप्पा जैसा बड़ा प्रोजेक्ट भी है। एक्ट्रेस इस साल तेलुगू फिल्म सीता राम में नजर आएंगी। मृणाल कहती हैं, मैं हर तरह के किरदार को निभाना चाहती हूं। मैं खुद को एक खास स्टाइल तक सीमित नहीं रखना चाहती और यह मेरे दिमाग में पहले दिन से ही साफ है। अपने करियर में, मैं सिर्फ ऐसी फिल्में और प्रोजेक्ट करना चाहती हूं जो मुझे एक अभिनेता के रूप में उत्साहित और चुनौती दें। मृणाल ने कहा, मुझे लगता है कि एक बड़े अभिनेता या अभिनेत्री बनने के लिए अलग-अलग भूमिकाएं करना महत्वपूर्ण है और यह तभी संभव है, जब कोई काम के मामले में सीमाएं निर्धारित न करे। जब दर्शकों का मनोरंजन करने और एक अभिनेता के रूप में खुद को साबित करने की बात आती है तो मैं अपने काम के साथ हमेशा संतुलन बनाने की कोशिश करती हूं।

# नेटफ्लिक्स के ग्लोबल टॉप 10 में शी 2 हुई ट्रेंड, इम्तियाज अली खुश

ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स के ग्लोबल टॉप 10 में निर्देशक इम्तियाज अली की शी 2 ट्रेंड कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इम्तियाज ने अपना उत्साह व्यक्त किया है। बता दे इस सीरीज को 9.5 मिलियन से अधिक घंटे तक देखा गया है।

इम्तियाज कहते हैं, मैं प्रतिक्रिया पर उत्साहित हूं क्योंकि मुझे लगता है कि शी का मूल संघर्ष बहुत सूक्ष्म और आंतरिक है। यह एक ऐसी महिला के बारे में है जो महसूस करती है कि उसके पास कोई यौन शक्ति नहीं है और जब उसे एक होने का कार्य करना पड़ता है अपने कर्तव्य के हिस्से के रूप में यौनकर्मी, उसे पता चलता है कि वही चीज जो उसका सबसे बड़ा नुकसान हुआ करती थी, वह उसका सबसे बड़ा हथियार बन जाती है।

कुछ ऐसा है जो इतना आंतरिक और सूक्ष्म है कि वैश्विक दर्शकों के साथ कर्षण पाया गया है और यह मेरे लिए बहुत खुशी और आशा की बात है। यह मुझे भविष्य में और अधिक दिलचस्प हालांकि सूक्ष्म कहानी विचारों के साथ आने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस श्रृंखला में किशोर कुमार जी, विश्वास किनी, शिवानी रंगोल, सैम मोहन, सुहिता थट्टे भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इम्तियाज अली द्वारा लिखित और निर्मित, श्रृंखला आरिफ अली द्वारा निर्देशित है और वायकॉम 18 स्टूडियोज के टिपिंग प्वाइंट और विंडो सीट फिल्म्स द्वारा निर्मित है। नेटफ्लिक्स पर शी 2 की स्ट्रीमिंग हो रही है।

# बिकिनी में हिना खान ने फ्लॉन्ट किया अपना फिगर, फैंस कर रहे तारीफ

हिना खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है हाल ही में उनके द्वारा शेयर की गई तस्वीरें फैंस के होश उड़ा रही हैं। हिना खान ने जो तस्वीरें शेयर की है उसमें वे बेहद हॉट नजर आ रही है। हिना खान ने एक ग्रीन कलर की खूबसूरत मोनोकनी पहनी हुई है जिसमें कमर पर एक कट भी है। इस आउटफिट में हिना बड़ी खूबसूरती से अपने फिगर को फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। आपको बता दें कि इंस्टाग्राम पर हिना खान के 17.1 मिलियन फॉलोवर्स हैं और हिना खान की हर पोस्ट पर दिल खोलकर प्यार बरसाते है। हिना खान ने अपने लुक को कम्पलीट करने के लिए एक प्रिंटेड श्रग को कैरी किया हुआ है। साथ ही मिनिमल मेकअप, सनग्लासेस और गोल्डन नेकलेस ने एक्ट्रेस के लुक में चार चांद लगा दिया है। फैंस को हिना का ये बोल्ड अंदाज काफी पसंद आ रहा है। हिना इस ग्रीन कलर की बिकिनी में कैमरे को अलग-अलग पोज दे रही हैं और हर तस्वीर में एक्ट्रेस ने अपने लुक से कहर ढाया है। हिना खान की सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है। यही वजह है कि उनका हर पोस्ट देखते ही देखते इंटरनेट पर वायरल हो जाता है। आपको बता दें कि हिना खान की इन तस्वीरों को अब तक 1.69 लाख से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं।

# वरलक्ष्मी सरतकुमार ने लिखा भावुक नोट

तमिल अभिनेत्री वरलक्ष्मी सरतकुमार ने अपनी आगामी फिल्म 'यशोदा' के सेट पर काम करते हुए कुछ खूबसूरत पलों का एक वीडियो साझा करने के बाद एक भावुक नोट लिखा है। वरलक्ष्मी सरतकुमार ने नोट में बताया है कि उन्हें सामंथा रूथ प्रभु अभिनीत 'यशोदा' की टीम के साथ काम करने में कितना मजा आया है।

वरलक्ष्मी के नोट में लिखा है, टीम यशोदा को बहुत-बहुत धन्यवाद। आप सभी के साथ शूटिंग में बहुत मजा आया। फिल्म देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।

'क्रैक' अभिनेत्री ने अपनी सह अभिनेत्री सामंथा को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने लिखा, धन्यवाद इतनी ऑसम होने के लिए सामंथा रुथ प्रभु। मैंने अपने निर्देशकों और विशेष रूप से मेरे प्रिय डॉप सुगु सर के साथ सबसे अच्छा समय बिताया। धन्यवाद। खबर है कि, फिल्म में अन्य मुख्य कलाकारों के अलावा वरलक्ष्मी सरतकुमार की भी अहम भूमिका है। 'यशोदा' एक महिलाउन्मुख साइ-फाई थ्रिलर फिल्म है, जिसे हरि और हरीश की जोड़ी ने निर्देशित किया है।

# फिर एक प्रोजेक्ट में साथ नजर आएंगे रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण



रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण दोनों बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार हैं। फैन फॉलोइंग के मामले में दोनों का ही कोई तोड़ नहीं है। अब एक ऐसी खबर सामने आ रही है, जिसे जानकर उनके प्रशंसक फूले नहीं समाएंगे। चर्चाओं का बाजार गर्म है कि रणबीर और दीपिका ने एक प्रोजेक्ट के लिए हाथ मिलाया है। ये दोनों एक विज्ञापन में एक साथ नजर आ सकते हैं। वाकई स्क्रीन पर दोनों को साथ देखना रोमांचकारी अनुभव होगा।

रिपोर्ट के अनुसार, रणबीर और दीपिका की जोड़ी एक विज्ञापन में दिखने वाली है। चर्चित फिल्ममेकर पुनीत मल्होत्रा ने इन दोनों को एक प्रोजेक्ट के लिए साइन किया है। पुनीत ही इस प्रोजेक्ट का निर्देशन करने जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि दोनों कलाकार एक ब्रांडेड पेय पदार्थ का विज्ञापन करते नजर आएंगे। हालांकि, इस संबंध में अब तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

दीपिका और रणबीर इससे पहले एक पेंट कंपनी के विज्ञापन में नजर आ चुके हैं। एशियन पेंट्स के विज्ञापन में दोनों को अभिनय करते हुए देखा गया था। दोनों की जोड़ी को फैंस ने खूब पसंद किया था।

रणबीर और दीपिका की जोड़ी ये जवानी है दीवानी से बड़े पर्दे पर हिट हुई थी। अयान मुखर्जी ने इसका निर्देशन किया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सफलता का परचम फहराया था। फिल्म 2013 में रिलीज हुई थी। आखिरी बार दोनों कलाकार इम्तियाज अली की फिल्म तमाशा में दिखे थे। यह फिल्म 2015 में दर्शकों के बीच आई थी। इस फिल्म में दोनों की केमिस्ट्री ने खूब वाहवाही बटोरी थी।

अब रणबीर और दीपिका अयान की फिल्म ब्रह्मास्त्र में साथ नजर आएंगे। यह एक सुपरहीरो फिल्म है, जिसमें रणबीर स्पेशल पॉवर्स से लैस होंगे। फिल्म में रणबीर की जोड़ी उनकी पत्नी और अभिनेत्री आलिया भट्ट के साथ बनी है। इसके अलावा इसमें अमिताभ बच्चन और साउथ स्टार नागार्जुन मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। रिपोर्ट की मानें तो रणबीर की इस फिल्म में दीपिका कैमियो की भूमिका में दर्शकों से रूबरू होंगी। फिल्म 9 सितंबर को सिनेमाघरों में आएगी।

रणबीर करण मल्होत्रा की फिल्म शमशेरा में दिखेंगे। इस फिल्म में उनके साथ संजय दत्त और वाणी कपूर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। विक्की कौशल अभिनीत मिस्टर लेले के एक खास गाने में रणबीर नजर आने वाले हैं। दीपिका की बात करें तो वह शाहरुख खान के साथ फिल्म पठान में नजर आने वाली हैं। दीपिका की फिल्म के प्रोजेक्ट भी अगले साल रिलीज होगी। यह एक साइंस फिक्शन फिल्म है, जिसमें अमिताभ बच्चन और प्रभास भी नजर आएंगे। एक दौर था जब रणबीर और दीपिका एक-दूसरे को प्यार करते थे। 2008 में आई फिल्म बचना ऐ हसीनो की शूटिंग के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी थीं। खैर बाद में दोनों का ब्रेकअप हो गया था।(आरएनएस)

# अनुपमा मेरे अभिनय करियर में मील का पत्थर साबित होगा : अधिक मेहता

वर्तमान का सबसे लोकप्रिय टीवी शो अनुपमा में नजर आ रहे अभिनेता अधिक मेहता ने खुलासा किया कि अभिनय में उनका करियर उनका बचपन का सपना था।

अभिनेता अधिक मेहता का कहना हैं, मैं बचपन से ही एक अभिनेता बनने के लिए निश्चित था। मुझे अभी भी याद है कि मैं बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन से कितना प्यार करता था।

मैं स्पष्ट था कि मुझे भी अभिनय करना है और भगवान की कृपा से मैं अपने सपने को जी रहा हूंजिस तरह से मेरी अभिनय यात्रा बढ़ रही है, मैं खुश हूं। जैसे इस पेशे में कोई भी एक नाममात्र के चरित्र के लिए अभिनय करना चाहता है, वैसे ही मैं भी ! मैं नायक की भूमिका निभाना चाहता हूं और मैं ऐसे अवसर की प्रतीक्षा कर रहा हूं।

छोटी सरदारनी के अभिनेता अधिक मेहता को लगता है कि दर्शकों के बीच सबसे ज्यादा देखे जाने वाले इस शो से उन्हें सफलता हासिल करने में मदद मिलेगी। अभिनेता आगे कहते हैं, मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे शो के महत्वपूर्ण हिस्सों में से एक होने का मौका मिला है। यह शो मेरे लिए एक आशीर्वाद के रूप में आया है और दिलचस्प बात यह है कि मेरा ऑनस्क्रीन और असली नाम अधिक है।

चूंकि यह शो लोगों के बीच लोकप्रिय है। मुझे यकीन है कि यह मेरे अभिनय करियर में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होगा। मैं वास्तव में इसे लेकर खुश हूं।

# जितेंद्र कुमार ने जादूगर के लिए सीखा असली जादू



आगामी फिल्म जादूगर में नायक की भूमिका निभा रहे अभिनेता जितेंद्र कुमार का कहना है कि, उन्होंने जादू के गुण सीखने के लिए महीने भर का प्रशिक्षण लिया और एक जादूगर के रूप में परीक्षा पास करने के लिए एक ऑनलाइन जादू शो भी किया। फिल्म मीनू नाम के एक युवक के इर्द-गिर्द घूमती है जो एक फुटबॉल खिलाड़ी होने के साथ-साथ एक जादूगर भी है। मीनू का किरदार निभा रहे अभिनेता ने साझा किया कि, कैसे उन्होंने अपने अभिनय को सही करने के लिए विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में जादू के गुण सीखे। जितेंद्र ने कहा, मैंने नवंबर 2020 में मैजिक ट्रिक्स के लिए प्रशिक्षण शुरू किया था और यह काफी लंबी और थकाऊ यात्रा थी जो लगभग डेढ़ महीने तक चली।

मेरे ट्रेनर ने मुझे दृढ़ता से सलाह दी कि जब तक मैं एक शो नहीं करता, मैं पास नहीं करूंगा। यह तब की बात है जब लॉकडाउन अभी भी जारी था, इसलिए हमने एक वर्चुअल जूम शो का आयोजन किया।मैंने यह सुनिश्चित करने के लिए रोशनी और प्रॉप्स को सावधानीपूर्वक स्थापित किया था कि लोगों को बरगलाया जाए और मैं पास हो जाऊं, यह काम किया।

मैंने उन्हें बहुत सारे संगीत के साथ सफलतापूर्वक धोखा दिया। शो करने से निश्चित रूप से मेरा आत्मविश्वास बढ़ाइसके बाद, मैंने दो अतिरिक्त प्रशिक्षण सत्र किए और बाद में मैंने रंगमंच के साथ एक मंच पर एक शो किया, और एक करीबी समूह के साथ एक स्ट्रीट शो भी किया। मुझे एहसास हुआ कि जब दर्शक छोटे होते हैं - वहां कोई रोशनी नहीं होती है और कोई संगीत नहीं होता है। आपकी मदद करते हैं और आपको लोगों को बरगलाना पड़ता है, जो मुश्किल है क्योंकि लोग चीजों को पकड़ सकते हैं।जादूगर का निर्देशन समीर सक्सेना ने किया है, जो पॉशम पा पिक्चर्स और चॉकबोर्ड एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है और इसमें जावेद जाफरी और अरुशी शर्मा भी हैं, और यह 15 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

# ठाकरे अपनों से थे दूर तभी सीएम की गद्दी गई दूर

प्रेम शुक्ल

सबसे चुनौतीपूर्ण दौर में शिवसेना, मंत्रिमंडल के साथियों और विधायकों का असंतोष पड़ा भारी यह स्पष्ट है कि ठाकरे परिवार अपने संगठन से नित्य संपर्क से कट चुका था। उद्धव ठाकरे और उनके पुत्र आदित्य ठाकरे अपने दरबारियों से इस कदर घिरे हुए थे कि उन्हें शिवसैनिकों का दर्द दूर अपने मंत्रिमंडल के साथियों और विधायकों के असंतोष तक से भी पूरी तरह अनभिज्ञ थे। शिवसेना अपने स्थापना काल के बाद सबसे भयंकर चुनौती का सामना कर रही है। बीते छह दशकों के इतिहास में शिवसेना को बारंबार बगावतों का सामना करना पड़ा, पर उसका अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाए, यह पहली बार हुआ है। हालांकि महाराष्ट्र के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे स्वयं को असली शिवसेना और शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे का शिष्य करार दे रहे हैं।

जिस तरह से उन्होंने शिवसेना के विधायक दल पर नियंत्रण स्थापित किया, जिस अंदाज में उद्धव ठाकरे के मंत्रिमंडल में शामिल सभी के सभी निर्वाचित विधानसभा सदस्यों ने एकनाथ शिंदे के पाले में आकर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व को धता बताया, उससे यह स्पष्ट है कि ठाकरे परिवार अपने संगठन से नित्य संपर्क से कट चुका था ।

उद्धव ठाकरे और उनके पुत्र आदित्य ठाकरे अपने दरबारियों से इस कदर घिरे हुए थे कि वह शिवसैनिकों का दर्द से दूर अपने मंत्रिमंडल के साथियों और विधायकों के असंतोष तक से भी पूरी तरह अनभिज्ञ थे।

शिवसेना का विरोध से पुराना नाता

स्थापना काल के बाद कई बार शिवसेना प्रमुख बाला साहब ठाकरे को विद्रोह का सामना करना पड़ा । 1977 में जब जनता पार्टी का दौर आया तब हेमचंद्र गुप्ते और दत्ता प्रधान ने शिवसेना के अस्तित्व पर सवाल उठाते हुए ठाकरे से दूरी बना ली थी। तब शिवसेना के पहले महापौर रहे हेमचंद्र गुप्ते ने ना केवल जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली थी बल्कि बाला साहब ठाकरे के नेतृत्व को चुनौती भी दे दी थी ।

हेमचंद्र गुप्ते शिवसेना के गढ़ दादर से विधानसभा का चुनाव जीतने में सफल भी हुए थे। सनद रहे कि शिवसेना में आज जो संगठन का स्वरूप है उसके शिल्पकार दत्ता प्रधान हुआ करते थे। उन्होंने ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तर्ज पर शिवसेना में शाखा नामक इकाई का प्रचलन प्रारंभ किया था। जब दत्ता प्रधान शिवसेना से अलग हुए तब लोगों के मन में सवाल उठा था कि क्या शिवसेना अपने सांगठनिक स्वरूप को आगे बढ़ा पाएगी?

उन दिनों ऐसा भी दौर आया जब मनोहर जोशी और सुधीर जोशी बाला साहब ठाकरे के पास गए और दोनों ने प्रस्तावित किया कि अब शिवसेना के बने रहने का कोई औचित्य शेष नहीं है। तब बाला साहब ठाकरे ने कहा था–

जो चाहे वह सहर्ष शिवसेना से बाहर जा सकता है, मैं अपने बूते शिवसेना चला लूंगा।

अपने अस्तित्व को बचाने के लिए शिवसेना को मुस्लिम लीग और कांग्रेस से भी गठबंधन करना पड़ा था। मस्तान तलाव पर शिवसेना प्रमुख बाला साहब ठाकरे और मुस्लिम लीग के सर्वे सर्वा गुलाम बनातवाला की ऐतिहासिक सभा को तो आज के शिवसेना के कर्ताधर्ता विस्मृत कर चुके होंगे। 1980 में बालासाहेब ठाकरे को कांग्रेस के तत्कालीन मुख्यमंत्री अब्दुल रहमान अंतुले के साथ समझौता करना पड़ा था और 1985 में मुंबई महानगर पालिका में शिवसेना वसंतदादा पाटील के प्रश्रय के बिना सत्ता में नहीं पहुंच पाती।

शिवसेना को मुंबई और ठाणे महानगरपालिका के अलावा बड़ी सफलता तब मिलनी प्रारंभ हुई जब बालासाहेब ठाकरे ने स्वयं को हिंदू हृदय सम्राट की भूमिका में जनता के समक्ष पेश किया । 1987 के विलेपार्ले विधानसभा के उप चुनाव के पहले शिवसेना के केवल दो ही विधायक निर्वाचित हुए थे।

पहली बार 1972 में वामन राव महाडिक परेल विधानसभा सीट से उपचुनाव जीतने में कामयाब हुए थे। जबकि दूसरी बार 1985 के विधानसभा चुनाव में छगन भुजबल मझगांव से विधानसभा में निर्वाचित होकर आए थे।

1987 में जब हिंदुत्व के मुद्दे पर ललकार कर रमेश प्रभु शिवसेना प्रत्याशी के रूप में निर्वाचित हुए और शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी का गठबंधन हुआ, तब 1990 के विधानसभा चुनाव में पहली बार शिवसेना मुंबई के बाहर अपना खाता खोलने में कामयाब हुई । शिवसेना के 51 विधायक निर्वाचित हुए थे।

विधानसभा में विपक्ष का नेता पद पाने की होड़ में शिवसेना के विधायक दल की पहली बगावत 1991 में छगन भुजबल ने की, तब भुजबल ने शिवसेना के 18 विधायकों को तोड़ने का दावा किया था। किंतु तत्कालीन सुधाकरराव नाईक सरकार के पूर्ण प्रश्रय के बाद भी भुजबल केवल 12 विधायक तोड़ने में कामयाब हुए थे।

यदि तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष मधुकर राव चौधरी ने संवैधानिक खेल नहीं किया होता तो तब के दलबदल अधिनियम के अनुकूल भी भुजबल के पास संख्या बल नहीं था। 1995 में जिस तरह भुजबल को मझगांव में बाला नांदगांवकर के हाथों शिवसेना ने पराजित करने में सफलता हासिल की थी, उससे यह संदेश गया था कि शिवसेना तोड़कर कोई अपना अस्तित्व विस्तृत नहीं कर सकता।

1999 में गणेश नाईक ने भी बगावत की और नई मुंबई महानगरपालिका हमेशा के लिए वह शिवसेना से छीनने में कामयाब हुए। किंतु 1999 के विधानसभा चुनाव में में जिस तरह आनंद दिघे की व्यूह रचना के कारण गणेश नाईक को पराजित होना पड़ा उससे भी शिवसेना के विद्रोहियों को कड़ा संदेश गया।

शिवसेना को जानने वाले अधिकांश विशेषज्ञों का मानना था कि राज ठाकरे शिवसेना को नियंत्रित करने में उद्धव ठाकरे पर 20 पड़ेंगे। किंतु स्वयं बालासाहेब ठाकरे की मौजूदगी और उद्धव ठाकरे के परिश्रम के कारण राज ठाकरे विशेषज्ञों की आशा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए।

2007 के मुंबई महानगर पालिका के चुनाव में वे विफल रहे। 2008 में जब राज ठाकरे ने मराठी मानुष का मुद्दा जमकर उछाला और शिवसेना को मराठी मुद्दे से हटकर हिंदुत्व के कारण गैर मराठियों की पार्टी बताना प्रारंभ किया। तब मुंबई ,पुणे और नासिक में राज ठाकरे महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना को कुछ हद तक स्थापित करने में कामयाब हुए थे।

तब भी शिवसेना के पास राज ठाकरे की तुलना में 3 गुना से कहीं अधिक विधायक संख्या थी । राज ठाकरे के 13 विधायकों की तुलना में शिवसेना के 45 विधायक निर्वाचित हुए थे । कालांतर में राज ठाकरे हाशिए पर चले गए।

इस बार परिस्थितियां बिल्कुल बदली हुई हैं। शिवसेना के कुल 55 विधायकों में से 39 एकनाथ शिंदे के साथ हैं। विश्वास मत हासिल किया। शिंदे की बगावत के बाद जब उद्धव ठाकरे ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी आहूत की तब मुंबई के परिसर के सात जिला प्रमुखों में से 5 जिस तरह से एकनाथ शिंदे के पक्ष में दिखाई दिए ,उससे साफ संकेत गया है कि उद्धव ठाकरे शिवसेना पर अपना नियंत्रण हो चुके हैं।

सांसदों में भी उद्धव ठाकरे की तुलना में एकनाथ शिंदे के समर्थकों का पलड़ा भारी दिखाई दे रहा है। चूंकि महाराष्ट्र की अधिकांश महानगर पालिकाओं में समय अवधि पूर्ण होने के कारण वहां प्रशासक नियुक्त किए जा चुके हैं, इसलिए पार्षदों में किसको बढ़त हासिल है यह अभी सटीक संख्या नहीं बताई जा सकती।

किंतु इतना तय है की ठाणे, कल्याण – डोंबिवली ,उल्हासनगर और भिवंडी – निजामपुर जैसी शिवसेना के नियंत्रण वाली महानगरपालिका अब शिंदे गुट के नियंत्रण में है । (लेखक भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं)

## सू- दोकू क्र.90

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 89 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

# महाशक्ति की मायूस जनता

हाल के वर्षों में हालात ऐसे बनते चले गए हैं, जिसमें अमेरिका की जनता में दुनिया की प्रमुख महाशक्ति का बाशिंदा होने को लेकर फख्र घटता चला गया है। खास कर ऐसा डॉनल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद हुआ।

अमेरिका आज यानी चार जुलाई को अपना स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। अमेरिका महाशक्ति है। लेकिन हाल के वर्षों में हालात ऐसे बनते चले गए हैं, जिसमें वहां की जनता में दुनिया की प्रमुख महाशक्ति का बाशिंदा होने को लेकर फख्र घटता चला गया है। खास कर ऐसा डॉनल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद हुआ। फिलहाल, रिकॉर्ड महंगाई, राजनीतिक तनाव, और तीखे होते सामाजिक ध्रुवीकरण के कारण इस समय देश में मायूसी का माहौल है। इस बात का इजहार स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जारी एक जनमत सर्वेक्षण रिपोर्ट से हुआ। उससे सामने यह आया कि अमेरिका वासियों में अपने देश पर गर्व की भावना में तेजी से गिरावट आई है। सर्वे एजेंसी गैलप ने ये रिपोर्ट जारी की है। गैलप 2001 से हर साल स्वतंत्रता दिवस से पहले ऐसी एक सर्वे रिपोर्ट जारी करती है। इस बार की रिपोर्ट के मुताबिक सिर्फ 38 फीसदी अमेरिकियों ने कहा कि वे अपने देश पर काफी गर्व महसूस करते हैं। बीते 20 साल में गौरव महसूस करने वाले लोगों का औसत 55 फीसदी रहा है।

स्पष्टत: इस बार ऐसी राय जताने वाली लोगों की संख्या में काफी गिरावट आई है। फिलहाल, अमेरिका में गर्भपात का अधिकार तनाव का सबसे बड़ा मुद्दा बना हुआ है। बीते 24 जून को सुप्रीम को 49 साल पुराने उस फैसले को पलट दिया, जिसमें गर्भपात को वैध ठहराया गया था। बहरहाल, गैलप का सर्वे ये फैसला आने




से पहले किया गया था। यह सर्वे एक से 20 जून के तक किया गया। बहरहाल, वह वो दौर जरूर था, जब अमेरिका में कई जगहों पर गोलीबारी की घटनाएं हुईं, जिनमें दर्जनों लोग मारे गए। ऐसी घटनाएं किसी भी समाज में मायूसी पैदा करती हैं। इस बीच सुप्रीम कोर्ट का एक और ऐसा फैसला आया है, जिससे ये मनोदशा और गंभीर रूप लेगी। कोर्ट ने पिछले हफ्ते पर्यावरण संरक्षण प्राधिकरण (ईपीए) के कार्बन उत्सर्जन घटाने संबंधी आदेश जारी करने के अधिकार को काफी सीमित कर दिया। जलवायु परिवर्तन रोकने संबंधी कदम उठाने में बड़ी रुकावट पैदा हो गई है। जाहिर है, इस फैसले से लिबरल खेमे में नाराजगी और बढ़ेगी। (आरएनएस)

# राज्यपालों की नियुक्ति होनी है

अगले कुछ दिन में कई राज्यपालों, उप राज्यपालों और प्रशासकों की नियुक्ति होनी है। बताया जा रहा है कि केंद्रीय मंत्री पद से हटने के बाद मुख्तार अब्बास नकवी को राज्यपाल बनाया जा सकता है। अगले कुछ दिन में कैप्टेन अमरिंदर सिंह अपनी पार्टी का विलय भाजपा में कर सकते हैं तो उन्हें भी राज्यपाल बनाया जा सकता है। यह भी कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल करेंगे तो हटाए जाने वाले कुछ मंत्रियों को राज्यपाल बनाया जा सकता है। इस साल सितंबर में मेघालय के राज्यपाल सत्यपाल मलिक रिटायर होंगे। उसके अगले महीने अक्टूबर में अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल बीडी मिश्रा और असम के राज्यपाल जगदीश मुखी रिटायर होंगे। किरण बेदी को हटाए जाने के बाद से ही पुडुचेरी के उप राज्यपाल का पद खाली है और तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन के पास इसका अतिरिक्त प्रभार है। नगालैंड में भी राज्यपाल का पद खाली है और जगदीश मुखी वहां का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं। उधर दादर व नगर हवेली और लक्षद्वीप दोनों के प्रशासक प्रफुल्ल खोड़ा पटेल हैं। पूर्व आईपीए अधिकारी दिनेश्वर सिंह के निधन के बाद लक्षद्वीप के प्रशासक का पद खाली हुआ था। बताया जा रहा है कि 15 अगस्त के बाद राज्यपालों, उप राज्यपालों और प्रशासकों की नियुक्ति की जाएगी।(आरएनएस)

# गुरु पूर्णिमा पर हुआ भजन कीर्तन का कार्यक्रम

देहरादून (सं)। आज प्रातः कालिका मंदिर प्रांगण में गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसमें सर्वप्रथम महाराज श्री जी के गुरु ब्रह्मलीन श्री अद्वैत प्रकाश जी का पूजन भक्त समाज द्वारा किया गया। प्रातः 8:00 बजे मां काली का यज्ञशाला में मंदिर के पुजारी श्री चंद्रप्रकाश ममगई जी द्वारा दैनिक यज्ञ के साथ विष्णुसहस्रनाम वह गीता जी के 15 अध्याय की आहुतिया दी गयी। मां काली का सत्संग भवन में परम पूज्य महाराज श्री जी का चित्र व चरण पादुका को गद्दी पर विराजमान कर पूजा अर्चना की गई।



समिति के प्रधान द्वारा पधारे हुए सभी भक्तों को यह संदेश दिया गया कि महाराज जी का निराकार स्वरूप हमारे बीच में विद्यमान है हम सभी को महाराज श्री जी के बताए हुए मार्ग जरूरतमंद की सहायता व समाज कल्याण हेतु कार्य को और बढ़ाना है। गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में प्रमोद श्रीवास्तव एवं साथियों द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम किया गया जिसमें अनेक भजन गाकर सभी भक्तों को भाव विभोर कर दिया।

कार्यक्रम प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक चलता रहा। ततपश्चात सदगुरुदेव भगवान की आरती हुई वहां पधारे हुए संतों महात्माओं व अपारभक्त समाज ने भंडारा ग्रहण किया। इस अवसर रमेश साहनी दयाल धवन जय किशन कक्कड़ केवल आनंद कमल स्वरूप गुप्ता अशोक लांबा हरीश भाटिया संजय आनंद मुरली चांदना मोहित बांग्ला आशीष सूरी हिमांशु अरोड़ा नीरज जिंदल शशि तलवार जगमोहन अरोड़ा विजय अरोड़ा सतीश मेहता उमेश मारवा प्रदुमन मेनी अनिरुद्ध गुप्ता कमल अरोड़ा अभिषेक वादवा, नरेश मैनी, सतीश कक्कर, अनिल आनंद सहायक प्रचार मंत्री उपस्थित रहे।

## महिला क्लब ने वृद्धा आश्रम में बांटा अनाज

देहरादून (सं)। भारतीय स्टेट बैंक महिला क्लब के सदस्यों ने वृद्धा आश्रम में खाद्य सामग्री बांटी। आज यहां एसबीआई महिला क्लब के सदस्यों द्वारा बैंक की ट्रेजरी शाखा के सहयोग से डालनवाला में स्थित प्रेमधाम वृद्धा आश्रम में वृद्ध महिलाओं के उपयोग हेतु खाद्य सामग्री दान स्वरूप प्रदान की गयी। महिला क्लब के तत्वावधान में पूर्व में भी सामाजिक कार्य निरंतर किये जाते रहे हैं। इस मौके पर महिला क्लब की अध्यक्षा श्रीमती सीमा सिंह, द्वारा प्रेमधाम आश्रम में आश्रितों की सेवा की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के सदस्यों श्रीमती इंदु मेहरोत्रा, श्रीमती मीना विलियम, कुमारी प्रेरणा गुलाटी का विशेष योगदान रहा।

## दो पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने की मांग को लेकर भाजपाईयों ने घेरी कोतवाली

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। पेट्रोल पम्प कर्मचारियों और वाहन स्वामी के बीच मारपीट के बाद मौके पर आयी पुलिस के खिलाफ पेट्रोल पम्प कर्मचारियों व भाजापा कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोलते हुए शहर कोतवाली का घेराव कर दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं व पेट्रोल पम्प कर्मियों का आरोप था कि पुलिस कर्मियों द्वारा पेट्रोल पम्प कर्मियों से मारपीट की गयी है। वहीं घटना स्थल बना पेट्रोल पम्प एक भाजपा नेता का बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार भाजपा नेता पंकज सहगल के पेट्रोल पम्प में देर रात पम्प कर्मियों की एक वाहन स्वामी के साथ किसी बात को लेकर झड़प हो गयी। बताया जा रहा है कि पेट्रोल पम्प कर्मियों ने वाहन स्वामी के साथ मारपीट भी की जो सारी घटना सीसी कैमरे में कैद हो गयी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस दो पम्प कर्मियों को कोतवाली ले आयी। जिसकी सूचना पाकर भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कोतवाली पहुंच गये और कोतवाली का घेराव करते हुए दोनो पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने की मांग करने लगे। बाद में पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसी तरह समझा बुझा कर हंगामा शांत किया गया।

# राज्य में 25 करोड़ की लागत की तीन परियोजनाओं को मिली सैद्धान्तिक स्वीकृति

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य में नमामि गंगे परियोजना के तहत गंगा नदी जल प्रदूषण नियंत्रण एवं गंगा तटों पर जनसुविधा विकसित किये जाने हेतु लगभग 25 करोड़ की लागत की 03 परियोजनाओं को राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार की 43वीं कार्यकारी समिति की बैठक में सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गयी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का आभार व्यक्त किया है।



नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत् स्वीकृत परियोजनाएं उत्तराखण्ड में माँ गंगा एवं इसकी सहायक नदियों की स्वच्छता, निर्मलता एवं अविरलता हेतु अत्यधिक महत्वपूर्ण परियोजनाएं है।

जी0 अशोक कुमार, महानिदेशक, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में सम्पन्न 43वीं कार्यकारी समिति की बैठक में उत्तराखण्ड राज्य से उदय राज सिंह , अपर सचिव, पेयजल (नमामि गंगे) द्वारा वर्चुवली रूप से प्रतिभाग किया गया।

बैठक में जनपद रूद्रप्रयाग में केदारनाथ यात्रा के आरंभ स्थल गौरीकुंड व तिलवाड़ा सीवरेज परियोजना हेतु रू0 23.37 करोड़, की योजना स्वीकृत हुई है। इस योजना से नदियों में प्रदूषित जल प्रवाह को रोकने में यह परियोजना कारगर साबित होगी। परियोजना के पूर्ण होने पर चारधाम यात्रा को अत्यधिक लाभ मिलेगा और नदियों की स्वच्छता व निर्मलता के दृष्टिगत भी यह परियोजना महत्वपूर्ण है।

बैठक में दैवीय आपदा वर्ष 2021 में क्षतिग्रस्त हुए देवप्रयाग एस.टी.पी., कर्णप्रयाग एस.टी.पी. एवं गोपेश्वर एस.टी.पी. के मरम्मत कार्यों हेतु कुल रू0 87.37 लाख और चन्द्रेश्वर नगर, ऋषिकेश में नमामि गंगे कार्यक्रम के अतंर्गत निर्मित 7.5 एम.एल.डी. एस.टी.पी. से उत्पन्न ध्वनी स्तर को कम करने के लिए (बवने. जपब पदेनसंजपवद (ध्वनिक रोधन) लगाए जाने हेतु रू 82.74 लाख की परियोजना स्वीकृत की गयी है।

गौरतलब है कि राज्य को पूर्व में 42वीं कार्यकारी समिति की बैठक में लगभग 43 करोड़ की लागत की 04 परियोजनाओं की पूर्व में स्वीकृति दी जा चुकी है।

# बिटक्राईन के नाम पर एक लाख की ठगी

संवाददाता

देहरादून। बिटक्वाईन के नाम पर एक लाख 23 हजार रूपये ठग लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती पुष्पा बडोनी निवासी शक्ति विहार गुजरोंवाली चौक नथुवावाला ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी बेटी ईशिता बडोनी जो इंस्टाग्राम चलाती है।

2 जुलाई को इंस्टाग्राम पे एक संदेश आता है कि आप बिटक्वाईन मे अपना पैसा लगा सकते हो, उसकी पुत्री द्वारा अपनी इंस्टाग्राम आई डी पर उसको साझा कर दी गयी। असने उसकी पुत्री का इंस्टाग्राम हैक कर लिया गया, इस पर उसकी पुत्री द्वारा गुगल से इंस्टाग्राम हेल्प लाईन नम्बर निकाला गया। नम्बर पर फोन लगाने पर वहाँ से उसे बोला गया कि ऐनी डेस्क ऐप डाउनलोड करने पर इंस्टाग्राम आई. डी. वापस आ जायगा। उक्त व्यक्ति को इंस्टाग्राम का आदमी समझकर उसने उक्त ऐप डाउनलोड किया गय। जिसके बाद उक्त व्यक्ति द्वारा उसके डेबिड कार्ड का नम्बर मांगा गया, जिसके बाद उसके खाता केनरा बैंक रायपुर से एक लाख 23 हजार 726 रूपये से निकाल लिये गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# जोशी ने सैन्यधाम निर्माण की धीमी गति पर जतायी नाराजगी

संवाददाता

देहरादून। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सैन्यधाम निर्माण स्थल का निरीक्षण के दौरान कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये।



आज यहां सैनिक कल्याण मंत्री उत्तराखण्ड सरकार गणेश जोशी ने गुनियाल गांव अवस्थित सैन्यधाम निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को कार्य प्रगति बढाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंत्री कार्यो की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होने उप जिलाधिकारी मसूरी को निर्देश दिए कि यदि कार्यस्थल पर कोई भूमि सम्बन्धी समस्या आ रही है तो उसे 2-दिन के भीतर निस्तारित करते हुए कार्य प्रगति बढाने को कहा साथ ही नोडल अधिकारी अपर सचिव सैनिक कल्याण चन्द्र सिंह धर्मसत्तू एवं उप निदेशक सैनिक कल्याण को प्रतिदिन कार्यस्थल पर आकर निरीक्षण करते हुए कार्यो का अवलोकन एवं कार्य प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सचिव सैनिक सैनिक कल्याण दीपेन्द्र चौधरी, अपर सचिव चन्द्र सिंह धर्मसत्तू, उप जिलाधिकारी मसूरी नरेश चन्द्र दुर्गापाल, उप निदेशक सैनिक कल्याण, तहसीलदार सदर सोहन सिंह रांगड़ सहित कार्यदायी संस्था पेयजल निर्माण निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।




## एक नजर

# जब पीएम मोदी को चाय पिलाने के लिए मुजफ्फरपुर से पटना पहुंचा उनका फैन

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जबरा फैन अशोक कुमार साहनी उन्हें अपने हाथों से बनाई चाय पिलाने के लिए मुजफ्फरपुर से पटना पहुंचा। हालांकि, उसका ये सपना पूरा नहीं हो पाया। क्योंकि उसे सुरक्षा कारणों से विधानसभा के गेट के पास से ही दूर कर दिया गया। अशोक जिस लुक में विधानसभा के बाहर पहुंचा था, लोगों की निगाहें उसी पर टिक गई थीं। अशोक ने अपने पूरे शरीर को मोदी के रंग में रंग दिया था। सीने पर मोदी की पेंटिंग बनाई हुई थी। उसके ऊपर ऊपर नमो-नमो लिखवाया था। सिर पर आगे की तरफ भारत का मैप, पीछे जय हिंद लिखवाया था। सिर के बाई तरफ स्वच्छ भारत लिखवाया। पीठ पर डस्टबिन टांग रखा था। और हाथ में चाय की केतली ली हुई थी। अशोक ने बताया कि वह मोदी जी का बहुत बड़ा फैन है। उनकी हर बात से वह प्रभावित है। बस उसका सपना है कि पीएम मोदी को एक कप चाय अपने हाथों से पिलाए। पीएम मोदी ने फैन अशोक ने बताया कि पहले वह पेंटिंग का काम करता था, जिससे उसका गुजारा नहीं हो पाता था। फिर 6 साल पहले पीएम मोदी के आत्मनिर्भर भारत से प्रेरणा लेकर चाय की दुकान खोली। यह दुकान चल भी पड़ी और आज उसी से अपने घर-परिवार को अच्छे से चला पा रहा है।




# सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगाने से किया इनकार

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों द्वारा की जा रही बुलडोजर कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगाने से किया स्पष्ट इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने बुध वार को कहा कि वो बुलडोजर कार्रवाई को रोकने के लिए कोई भी देशव्यापी आदेश नहीं पारित नहीं कर सकता है। इस मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की बेंच सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह जमीयत उलमा-ए-हिंद द्वारा बुलडोजर एक्शन के खिलाफ दायर की गई याचिका पर 10 अगस्त को सुनवाई करेगी। इसके साथ ही बेंच ने यह भी कहा, सरकार द्वारा कानून के शासन का पालन किया जाना चाहिए, इस विषय में कोई विवाद नहीं है। लेकिन क्या हम ऐसे मामले में देशव्यापी आदेश पारित कर सकते है? अगर हम इस तरह के सर्वव्यापी आदेश पारित करते हैं, तो क्या हम प्राशासनिक अधिकारियों को नियमों और कानून के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने से नहीं रोकेंगे।



# शिंदे खेमे में शामिल हुई शिवसेना प्रवक्ता और मुंबई की पूर्व पार्षद शीतल म्हात्रे

मुंबई। उद्धव ठाकरे की शिवसेना में टूट निरंतर जारी है। एक-एक कर कई नेताओं ने शिवसेना को छोड़ शिंदे खेमे का दामन थाम लिया। वहीं मंगलवार पार्टी को एक और झटका लगा। शिवसेना की पार्टी प्रवक्ता और मुंबई की पूर्व पार्षद शीतल म्हात्रे मंगलवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खेमे में शामिल हो गईं। शीतल म्हात्रे मुंबई से शिवसेना की पहली पूर्व पार्षद हैं जिन्होंने खुलेआम शिंदे को समर्थन देने की घोषणा की है। शीतल ने 2012 और 2017 में उत्तरी मुंबई के उपनगरीय दहिसर में वार्ड नंबर 7 का प्रतिनिधित्व किया था। शिवसेना के कुछ कार्यकर्ताओं के साथ म्हात्रे मंगलवार रात, शिंदे के आवास पर गई और उन्हें अपना समर्थन देने की घोषणा की। ठाकरे नीत शिवसेना ने म्हात्रे को अलीबाग-पेन इलाके के लिए संपर्क संघटक (समन्वयक) नियुक्त किया था। शिवसेना के नियंत्रण वाले बृहन्मुंबई नगर निगम का चुनाव अगले कुछ महीनों में होने वाला है। गौरतलब है कि पिछले महीने शिंदे के विद्रोह के कारण उद्धव ठाकरे नीत महा विकास आघाडी सरकार गिर गई थी।



# कड़ी सुरक्षा के बीच कावड़ यात्रा कल से

विशेष संवाददाता

देहरादून। कोरोना काल में 2 साल तक बाधित रही कांवड़ यात्रा का आगाज कल से होने जा रहा है। महीनों से व्यवस्थाओं में जुटे शासन-प्रशासन द्वारा यात्रा की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कावड़ यात्रा में आने वाली भारी भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रा को सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। यात्रा की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा बलों को आज ब्रीफ करते हुए यह स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि यात्रा नियमावली का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

दो साल बाद होने जा रही कांवड़ यात्रा में इस साल रिकॉर्ड कांवड़ियों के आने की संभावना के मद्देनजर व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। यात्रा की सुरक्षा में 10 हजार पुलिसकर्मियों को लगाया गया है तथा यात्रा क्षेत्र पर हेलीकॉप्टर और ड्रोन के जरिए निगरानी रखने की व्यवस्था की गई है। मेला क्षेत्र में 300 सीसीटीवी कैमरों को लगाया गया है वहीं देहरादून पुलिस द्वारा भी 100 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। बम निरोधक दस्तों की तैनाती से लेकर एटीएस की टीमों को लगाया गया है।




**❑हर एक कांवड़िए पर रखी जाएगी नजर**

**❑गाइड लाइन का अनुपालन करने की अपील**

कांवड़ यात्रा पर आने वाले यात्रियों के लिए प्रशासन द्वारा जो गाइडलाइन तैयार की गई है उसके अनुसार सभी कांवड़ियों को अपना रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है तथा अपना आईडी कार्ड साथ लाना भी जरूरी होगा। यात्रा के दौरान तलवार-त्रिशूल से लेकर किसी भी तरह का हथियार लाने पर पाबंदी लगाई गई है। वही लाउडस्पीकर पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है यात्रा मार्गों पर मीट और शराब की दुकानों पर पाबंदी लगाई गई है। डीजीपी अशोक कुमार का कहना है कि यात्रा के दौरान किसी भी यात्री को कोई परेशानी न हो इसके सभी इंतजाम किए गए हैं लेकिन उनका कहना है कि कांवड़ यात्रा पर आने वालों को गाइडलाइनों का अनुपालन करना भी जरूरी है जिससे उनकी यात्रा सुगम और सुरक्षित हो सके। जिला प्रशासन ने कांवड़ियों की सुविधा के लिए जरूरी सभी इंतजाम किए हैं। लोगों से अपील की है कि 14 से 26 जुलाई तक वह हरिद्वार बिना किसी जरूरी काम के न आए। यात्रा के दौरान सभी रूट डायवर्ट रहेंगे।

# बंद मकान का ताला तोड़ हजारो की नगदी व लाखों के जेवरात चोरी



हमारे संवाददाता

देहरादून। ईद मनाने मकान बंद कर कुछ दिनों के लिए बाहर जाना एक परिवार को भारी पड़ गया। इस दौरान अज्ञात चोरों द्वारा उनके बंद मकान का ताला तोड़ लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

जानकारी के अनुसार बशीर अहमद निवासी सनीलाज किग्रेंग द्वारा बीते रोज कोतवाली मसूरी में तहरीर देकर बताया गया कि वह अपने परिवार सहित अपना मकान बंद कर ईद मनाने 9 जुलाई की शाम को नजीबाबाद गये हुए थे। ईद का त्यौहार मनाने के बाद जब वह 11 जुलाई को अपने घर वापस पहुंचे तो वहां का नजारा देखकर वह दंग रहे गये। उनके मकान का लाक टूटा हुआ था। अन्दर जाकर देखने पर सारा सामान अस्त व्यस्त मिला साथ ही आलमारी का लाक भी टूटा हुआ पाया गया। पता लगा कि चोरों ने उनकी आलमारी का ताला तोड़कर 40 हजार की नगदी, सोने के बुन्दे, चांदी का हार, डायमण्ड की अंगूठी, दो जोड़ी पायल, सोने के कान के बुन्दे चुरा लिये गये है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गयी है।

# कांवड यात्रा में पार्किंग की पूर्ण व्यवस्थाः डीएम

संवाददाता

देहरादून। जिलाधिकारी डा. आर राजेश कुमार ने कहा कि कांवड यात्रा के दौरान पार्किंग की व्यवस्था की दिक्कत होती थी जिसको लेकर इस बार पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, आईडीपीएल, भरत इंटर कॉलेज, नेशनल हाईवे के किनारे पार्किंग क्षेत्र बनाए गए हैं।

कावड़ यात्रा की शुरुआत हो रही है जिसको लेकर सरकार द्वारा सभी संबंधित जिलाधिकारियों को यात्रा व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए गए थे। राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रम देहरादून जनपद में ऋषिकेश क्षेत्र से गुजरने वाली कावड़ यात्रा को लेकर देहरादून जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिलाधिकारी डॉ आर राजेश कुमार ने बताया की मुख्य रूप से ऋषिकेश काँवड़ यात्रा रूट पर पार्किंग की व्यवस्था की दिक्कत होती थी जिसको लेकर इस बार पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, आईडीपीएल, भरत इंटर कॉलेज, नेशनल हाईवे के किनारे पार्किंग क्षेत्र बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि कोविड के कारण पिछले 2 वर्षों से कांवड़ यात्रा बाधित रही है इसलिए इस बार कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्था बनाई गई है। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने बताया ऋषिकेश नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले यात्रा रूट पर समुचित साफ-सफाई, शौचालय पथ प्रकाश की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं जिसको लेकर नगर निगम की ओर से भी तैयारियां पूरी कर ली गई है साथ ही जिला खाद्य अधिकारी व फूड सेफ्टी अधिकारियों को भी खानपान की व्यवस्थाओं को निरंतर जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।



# निर्माणाधीन मकान से चोरी में चार नामजद

संवाददाता

देहरादून। निर्माणाधीन मकान से चोरी करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार भगत सिंह कालोनी निवासी मौहम्मद असलम ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आज उसके निर्माणाधीन मकान से मोहित ,नन्नु उर्फ नईम ,शहजाद ,शानु ने मिलकर सरिया प्लेटे(सॉंटरिंग) की कोलम चोरी कर लिये है इनको चोरी करते समय इकरार ने देखा चोरी का विरोध करने समान सहित मौके से भाग गये यह चारों भगत सिंह कालोनी ,एम.डी.डी.ए. कालोनी में रहते है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*